# प्रादेशिक समाचार

## 22.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सिल्ली के राढु नदी पर बने पुल को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह पुल बालू माफियाओं के निशाने पर है और अवैध बालू खनन के कारण कभी भी गिर सकता है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि अवैध बालू खनन के पीछे मुख्यमंत्री का संरक्षण है और पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत से यह कारोबार फल–फूल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विकास की संभावनाएं और युवाओं का भविष्य इस भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने पेयजल विभाग में करोड़ों के घोटाले की आशंका जताई है।

*******************

झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान को लेकर कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में आज भाजपा ने सरायकेला में जनाक्रोश रैली निकाली। रैली की अगुवाई जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव ने की और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी करते हुए अनुमंडल कार्यालय तक मार्च किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव ने कहा कि मंत्री हसन का बयान संविधान और बाबा साहेब आंबेडकर के सिद्धांतों का अपमान है और जब तक माफी नहीं मांगी जाती, तब तक भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा।

*******************

झारखंड में मतदाता सूची में संशोधन से जुड़ी कोई भी अपील वर्तमान में लंबित नहीं है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार, यह दर्शाता है कि राज्य में मतदाता सूची से सभी संतुष्ट हैं। झारखंड में लगभग 2 करोड़ 62 लाख मतदाता हैं और 29 हजार से अधिक बूथ लेवल अधिकारी मतदाता सत्यापन और नये पंजीकरण का कार्य कर चुके हैं। राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स ने भी सूची की जांच में सक्रिय भूमिका निभाई। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधार के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया गया है।

*******************

गढ़वा जिले में पलाश मार्ट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

*******************

कोडरमा के मसनोडीह गांव में एक महिला को डायन बताकर  उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति विदेशी हेम्ब्रम की शिकायत पर डोमचांच थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला और उसके बेटे को छुड़ाया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा है कि पुलिस कार्रवाई के साथ–साथ समाज में इस तरह की कुप्रथाओं को रोकने के लिए प्रशासन स्तर पर भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

*******************

राज्य में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार आज से 26 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 25 और 26 अप्रैल को राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में गर्म हवा (हीट वेव) चलने की चेतावनी दी गई है।

*******************

हजारीबाग जिले में 11 से 15 मई तक ऑल इंडिया शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन और ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की ओर से संयुक्त रूप से होगा। टूर्नामेंट निदेशक करण जायसवाल ने बताया कि इसमें देशभर से 1000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि यह आयोजन हजारीबाग के युवाओं को नई दिशा और पहचान देगा।

********समाप्त***********